सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 135 | इंदौर, गुरुवार 23 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

---- ।।श्रीहरि।। ----

देवप्रबोधिनी एकादशी

**पुण्य स्मरण**

पिताजी महाप्रयाण दिवस



पं. रमेशचंद्र घनश्यामोपाध्याय (मनासा वाला)

ज्ञान-कर्मठता-आध्यात्मिकता के साथ साथ भाषा-भाव और चरैवेति-चरैवेति के जुझारुपन, कर्तव्यपरायणता का संगम सदैव ही मेरे लिए प्रेरणादायक रहेगा

प्रणाम। भावपुष्प समर्पयामि।

---- ।।श्रीहरि।। ----

# राजौरी में 24 घंटे से आतंकियों-सुरक्षाबलों के बीच एनकाउंटर जारी

## बाजीमाल इलाका घेरा, कल दो अफसर समेत 4 जवान शहीद हुए थे



**जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी में बीते 24 घंटे से आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ जारी है। बुधवार 22 नवंबर को आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना के दो अफसर और दो जवान शहीद हो गए थे। सूत्रों के मुताबिक, जान गंवाने वालों में कैप्टन शुभम, मेजर एमवी प्रांजिल और हवलदार माजिद थे।** न्यूज एजेंसी एएनआईके मुताबिक, धर्मसाल के बाजीमाल इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना पर सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इसी दौरान जंगल में छिपे आतंकियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। यहां दो आतंकियों के छिपे होने की खबर है। वहीं, आर्मी पीआरओ ने बताया कि 19 नवंबर को कालाकोट इलाके के गुलाबगढ़ जंगल में आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद से इलाके में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। बुधवार को हुई मुठभेड़ में आतंकी भी घायल हुए थे। उन्हें घेर लिया गया है।

### श्रीनगर में लश्कर के 2 आतंकी गिरफ्तार

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में बुधवार को सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के 2 आतंकियों को गिरफ्तार किया। उनसे 2 पिस्तौल, 4 मैगजीन, 2 फिलर मैगजीन और 8 ग्रेनेड बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों आतंकियों को 21 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। मुमताज अहमद लोन और जहांगीर अहमद लोन कुपवाड़ा के त्रेहगाम के रहने वाले हैं।

### जम्मू-कश्मीर में पिछली 5 आतंकी वारदातें...

#### 17 नवंबर को 2 एनकाउंटर, 6 आतंकी मारे गए

17 नवंबर को राजौरी और कुलगाम में दो अलग-अलग एनकाउंटर में 6 आतंकवादी मारे गए थे। पहला एनकाउंटर 16 नवंबर को कुलगाम में शुरू हुआ जो 17 नवंबर तक चला। इसमें 5 आतंकी मारे गए थे। ये सभी हाल ही में हुए टारगेट किलिंग में शामिल थे। दूसरा एनकाउंटर राजौरी में हुआ, जिसमें 1 आतंकी मारा गया था।

#### अक्टूबर में पुलिस इंस्पेक्टर को गोली मारकर हत्या

श्रीनगर में अक्टूबर ईदगाह इलाके में एक आतंकी ने पुलिस इंस्पेक्टर को तीन गोलियां मारी थीं। गोलियां उनके पेट, गर्दन और आंख में लगी थीं। इंस्पेक्टर की पहचान मसरूर अली वानी के रूप में हुई थी। हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन अक्रस्न ने ली है। हमला उस समय हुआ, जब मसरूर वानी स्थानीय लडक़ों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे।

#### सितंबर में 3 अफसर, 2 जवान शहीद हुए थे

जम्मू-कश्मीर में 13 सितंबर को आतंकियों के साथ दो मुठभेड़ में 3 अफसर और दो जवान शहीद हो गए थे। शहीद अफसरों में सेना के एक कर्नल, एक मेजर और पुलिस के एक ष्ठस्क्क शामिल थे। आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर सर्च ऑपरेशन के दौरान हमला किया था। इस दौरान दो आतंकी भी मारे गए। यहां सर्चिंग के दौरान सेना के डॉग की भी मौत हो गई थी।

#### 9 अगस्त को पकड़े गए थे 6 आतंकी

सुरक्षाबलों ने 15 अगस्त से पहले 6 आतंकियों को गिरफ्तार किया था। पहला मामला 9 अगस्त की रात का है, जहां कोकेरनाग के एथलान गडोले में तीन आतंकी पकड़े गए। मुठभेड़ के दौरान सेना के जवान समेत 3 लोग घायल हुए। दूसरा मामला उरी का है, जहां सुरक्षाकर्मियों ने लश्कर के 3 आतंकी पकड़े।

#### 6 अगस्त को तीन आतंकी मारे गए थे

6 अगस्त को भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में रुशष्ट के पास दो आतंकियों को मार गिराया था। ये आतंकी रुशष्ट के पास घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। इसी दिन शाम को भी घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक अन्य आतंकवादी को मार गिराया गया था।

# टनल में ड्रिलिंग फिर शुरू होगी

## 41 मजदूरों को बाहर आने में 14-16 घंटे लगेंगे, 18 मीटर की खुदाई बाकी



**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी टनल में 41 जिंदगियों को बचाने की कोशिश अब आखिरी फेज में है। पीएमओ के पूर्व सलाहकार और उत्तराखंड सरकार में ओएसडी भास्कर खुलबे ने बताया कि हम 12-14 घंटे में मजदूरों तक पहुंचेंगे। फिर उन्हें बाहर लाने के लिए 2 से 3 घंटे लगेंगे।

खुलबे ने ये भी बताया कि अभी 18 मीटर की खुदाई बची हुई है। 6-6 मीटर के 3 पाइप अभी भी डाले जाने बाकी है। एक पाइप डालने में करीब 4 घंटे का समय लगेगा। 18 मीटर की खुदाई के बाद ही रेस्क्यू का काम शुरू होगा। पहले 900 मिमी के 4 पाइप डाले गये थे। बाकी 800 मिमी के पाइप डाले गए।

खुलबे के मुताबिक, 45 मीटर का रास्ता क्लियर है। हृष्ठक्रस्न की टीम 45 मीटर तक अंदर जा चुकी है। इसका मतलब साफ है कि पैसेज क्लियर है। कल (22 नवंबर) की शाम आखिरी पाइप डालते समय वेल्डिंग की गैस ज्यादा निकल रही थी। ये गैस मजदूरों तक पहुंच रही थी। जब इसकी जानकारी मिली तो काम तुरंत रोक दिया गया। पॉजिटिव बात ये है कि अगर मजदूरों तक धुआं पहुंच रहा है, मतलब हम लक्ष्य के पास हैं। इससे पहले गुरुवार सुबह खबर आई कि टनल में खुदाई कर रही अमेरिकी ऑगर मशीन में खराबी आ गई थी, जो ठीक हो गई। इसे ठीक करने के लिए दिल्ली से हेलिकॉप्टर से 7 एक्सपर्ट बुलाए गए। वहीं, बुधवार 22 नवंबर की रात में ऑगर मशीन के सामने सरिया आ गया था। हृष्ठक्रस्न की टीम ने रात में सरिया को काटकर अलग कर दिया। रेस्क्यू ऑपरेशन टीम के सदस्यों में से एक गिरीश सिंह रावत ने बताया, रेस्क्यू ऑपरेशन लगभग आखिरी चरण में है। उम्मीद है मजदूर जल्द बाहर आ जाएंगे।

## कांस्टेबल ने थाने में युवक को पीटा, मुख्यमंत्री को की शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। थाने में पुलिसकर्मियों की मनमानी के मामले आए दिन सुर्खियों में रहते हैं। वे लोगों से गाली-गलौज करने से लेकर मारपीट तक करने से भी नहीं चूकते। ऐसा ही मामला अब इंदौर के लसुडिया थाने का सामने आया। यहां 20 नवम्बर को दिनभर जहां एक युवक को बैठाए रखा, वहीं एक लोकेन्द्र कुमार गुर्जर नामक कांस्टेबल ने युवक अरविन्द पुरिया से ना सिर्फ जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज की, बल्कि उसे यह कहते हुए पीटा कि तेरी शकल अच्छी नहीं है। आज तू मेरे हाथ से जूते खाएगा, तू विजय नगर थाने का मुखबीर है। अब इस मामले की शिकायत युवक ने कमीश्नर मकरंद, देउस्कर, पुलिस उपायुक्त अभिषेक आनंद को तो की ही, वहीं मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान तक भी मामले को पहुंचाते हुए न्याय की गुहार की है। अब देखना होगा कि वरिष्ठ अधिकारी इस मामले में उक्त कांस्टेबल गुर्जर पर क्या एक्शन लेते हैं।

## जिले में डॉ. अमरेश नायडू होंगे वरिष्ठ जिला पंजीयक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर** । इंदौर जिले हेतु डॉ. अमरेश नायडू को वरिष्ठ जिला पंजीयक अधिकृत किया गया है। महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, मध्यप्रदेश भोपाल के नवीन आदेश के तारतम्य में कलेक्टर द्वारा पंजीयन विभाग अंतर्गत एक से अधिक वरिष्ठ जिला पंजीयक पदस्थ होने से वरिष्ठतम वरिष्ठ जिला पंजीयक डॉ. अमरेश नायडू को वरिष्ठ जिला पंजीयक, इन्दौर का कार्य सम्पादित करने हेतु अधिकृत किया गया है। सेटेलाईट भवन, ग्राउण्ड फ्लोर, कलेक्टोरेट प्रांगण, मोती तबेला, इन्दौर स्थित पंजीयन कार्यालय से संबंधित सभी प्रकार के शासकीय पत्राचार डॉ. अमरेश नायडू, वरिष्ठ जिला पंजीयक, जिला इन्दौर के नाम से होंगे।

## अग्रसेन महासभा में दीपावली मिलन के साथ तुलसी विवाह उत्सव 25 को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। श्री अग्रसेन महासभा का दीपावली मिलन समारोह एवं तुलसी विवाह उत्सव शनिवार, 25 नवंबर को सांय 6.30 बजे बायपास स्थित भंडारी रिसोर्ट के नवनिर्मित सभागृह में आयोजित किया गया है। महासभा के अध्यक्ष जगदीश बाबाश्री एवं मंत्री अखिलेश गोयल ने बताया कि इस बार दीपावली मिलन के साथ तुलसी विवाह महोत्सव भी मनाया जा रहा है। सांय 7 बजे भगवान श्रीनाथ को छप्पन भोग समर्पित कर महाआरती की जाएगी। रात 8 बजे तुलसी विवाह के पश्चात भजन संध्या भी होगी। महोत्सव की तैयारी के लिए प्रमोद बिंदल, नितिन अग्रवाल अपेक्स एवं अनूप सिंघल (420 नमकीन) को संयोजक मनोनीत किया गया है।

## आज गोधूलि बेला में होगा तुलसी विवाह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम परिसर स्थित देश के दूसरे शालिग्राम मंदिर पर देवउठनी एकादशी के उपलक्ष्य में तुलसी विवाह का उत्सव गुरुवार, 23 नवंबर गन्ने के पौधे से विवाह मंडप सजाकर गोधूलि बेला में तुलसी को दुल्हन एवं भगवान शालिग्राम को दूल्हे के रूप में श्रृंगारित कर आश्रम परिसर में ढोल ढमाको को सहित बारात निकाली जाएगी। महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में भक्तों द्वारा सामूहिक कन्यादान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आश्रम के संस्थापक स्वामी गिरिजानंद सरस्वती ह्यभगवनö की प्रेरणा से इस मंदिर की स्थापना नेपाल से लाए गए शालिग्राम के पत्थरों से 7 वर्ष पूर्व आश्रम के न्यासी पूनमचंद मालती अग्रवाल के सहयोग से की गई है । देश का पहला शालिग्राम मंदिर जम्मू के इस्कॉन मंदिर प्रांगण में बना हुआ है।

# यातायात व्यवस्था में भी शहर को अग्रणी बनाने का संकल्प

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । मालवा मिल अग्रवाल पंचायत का दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव अग्रवाल पंचायत भवन पर सौल्लास आयोजित किया गया।**

विधायक महेंद्र हार्डिया के आतिथ्य में पार्षद नंदकिशोर पहाडिया, समाजसेवी पीडी अग्रवाल कांट्रेक्टर, टीकमचंद गर्ग, विष्णु बिंदल, यातायात पुलिस के उपायुक्त मनीष अग्रवाल, भाजपा नेता गणेश गोयल, संतोष गोयल आदि ने भगवान श्रीनाथजी का पूजन कर आरती में भाग लिया। पंचायत के अध्यक्ष गोविंद गर्ग, मंत्री नरेश मित्तल, संयोजक अजय गोयल एवं सुशील अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियो ने मेहमानों की अगवानी की। अन्नकूट समिति के सुरेश मित्तल, शंकरलाल गोयल तथा राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर अतिथियों ने समाज बंधुओ को यातायात नियमों का पालन करने और स्वच्छता की तरह यातायात व्यवस्था में भी इंदौर को अग्रणी बनाने का संकल्प दिलाया। संचालन नरेश मित्तल ने किया और आभार सुशील अग्रवाल ने माना। अतिथियों का स्वागत गोविंद गोयल, सुभाष अग्रवाल, कल्याण अग्रवाल, राजू अग्रवाल, सतीश मंगल, अरविंद गोयल आदि ने किया। प्रारंभ में अग्रसेन महिला प्रगति सभा की उषा अग्रवाल, अनीता गोयल और अन्य महिलाओं ने महाराजा अग्रसेन और भगवान श्रीनाथजी का पूजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अग्रवाल संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## कलेक्ट्रेट के सामने बना स्ट्रांग रूम गुरुवार को खोला जायेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कलेक्टर कार्यालय के सामने गंजी कंपाउंड में ईव्हीएम के वेयर हाउस स्ट्रांग रूम को गुरुवार 23 नवम्बर को सुबह 10 बजे खोला जायेगा। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। यहां बने ईव्हीएम अवेयरनेस स्ट्रांग रूम में मतगणना के पश्चात रखी जाने वाली ईव्हीएम के संबंध में कराये जाने वाले आवश्यक कार्यों का आकलन किया जायेगा।

## 1 डिग्री नीचे आया दिन-रात का तापमान

### शुक्रवार से बाद बादल छाने के आसार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर में इस बार सर्दी के तेवर अभी तीखे नहीं है। पिछले हफ्ते दिन और रात का तापमान तेजी से बढ़ा था लेकिन अब दो दिन से तापमान में गिरावट है। पिछले 24 घंटे में दिन और रात के तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। दूसरी ओर 23 नवम्बर से एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इसके असर से 25 व 26 नवम्बर को हल्के बादल छाने के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है जबकि तापमान 16 से 17 डिग्री के बीच रहेगा। 19 नवम्बर को दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस (सामान्य) तथा रात का तापमान 18.6 डिग्री (+5) तक पहुंच गया था। इसके बाद 20 नवम्बर को दिन का तापमान 29.7 डिग्री सेल्सियस (सामान्य) तथा का तापमान 16.6 (+3) डिग्री हो गया था। मंगलवार का दिन का तापमान घटकर 28.3 (-1) तथा 15.8 (+3) डिग्री पर आ गया। इस बार सर्दी का सीजन शुरू हुए डेढ़ माह से ज्यादा हो गया है लेकिन अभी ठण्ड असरदार नहीं है। बुधवार को सुबह हल्की ठण्ड जरूर थी लेकिन मौसम साफ था। इस दौरान हवा की रफ्तार 11 किमी प्रति घंटा तथा दृश्यता 2500 मीटर तक की थी। फिर धूप खिलते ही ठण्ड का असर खत्म होने लगा। अभी बंगाल की खाड़ी में चक्रवात सक्रिय हो रहा है जिससे कुछ समय बाद इंदौर सहित आसपास के हिस्सों में बादल छाएंगे। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक माह के अंत में ठण्ड अच्छा असर दिखा सकती है।

## बिजली कंपनी के एमडी श्री तोमर ने किया दौरा

### कार्यों की प्रगति एवं राजस्व संग्रहण पर ध्यान देने के दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बुधवार को उज्जैन का दौरा किया। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने उज्जैन के ज्योति नगर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उज्जैन जिले के बिजली अधिकारियों की मिटिंग ली और राजस्व संग्रहण, एफआरटी, लॉस घटाने के उपायों पर कार्रवाई, किसानों को अस्थाई कनेक्शन, आरडीएसएस-एसएसटीडी के कार्यो की प्रगति आदि के संबंध में जानकारी ली एवं कंपनी-शासन के मुताबिक कार्य के निर्देश दिए। श्री तोमर ने कहा कि कृषकों को दैनिक दस घंटे एवं शेष को चौबीस घंटे बिजली वितरण हो। 1912, ऊर्जस, लोकल कॉल सेंटर इत्यादि माध्यमों से आने वाली शिकायतों का समय पर समाधान हो। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री रवि मिश्रा, अधीक्षण अभियंता श्री पीएस चौहान समेत कार्यपालन अभियंता श्री राजेश हरोड़े, श्री सतीश कुमरावत, श्री अमरेश सेठ व अन्य अधिकारीगण प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## कथक कार्यशाला कल से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लयशाला ललित कला समिति पुणे, श्रुति संवाद संगीत समिति, अभिनव कला समाज एवं संस्कार भारती जिला इंदौर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 23 से 25 नवंबर, 2023 तक ख्यात नृत्यांगना स्व. श्रीमती सविता गोडबोले की याद में कथक कार्यशाला आयोजित कर रही है।कार्यशाला में दिल्ली से विशेष आमंत्रित ख्यात नृत्य गुरु पं. मोहनराव कल्याणपुरकर के शागिर्द पं सुभाषचंद्र नृत्य के विद्यार्थी एवं कलाकारो को कथक का प्रशिक्षण देंगे। कार्यशाला कुल 4 सत्रो में होगी। उदघाटन सत्र शाम 5 बजे अभिनव कला समाज के प्रथम मंजिल के सभागर में होगा।कार्यशाला का शुभारंभ अभिनव कला समाज के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, सयुंक्त प्रधानमंत्री सत्यकाम शास्त्री, पं.सुनील मसूरकर एवं पं.संजय तराणेकर की उपस्थति में होगा। इच्छुक प्रतिभागी पंजीकरण के पश्चात कार्यशाला मैं शामिल हो सकते हैं।

कटाक्ष




## भारतीय महिलाओं के लिए श्रृंगार है सिल्क साड़ियां

### एक्ट्रेस सारिका दीक्षित ने किया नेशनल सिल्क एक्सपो का उद्घाटन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । **प्राचीन काल से ही भारत में सिल्क की साड़ियों का प्रचलन रहा है। तीज त्यौहार व विवाह समारोह में सिल्क साड़ियां पहनना शुभ माना जाता है । जिस तरह से महिलाओं के लिए आभूषण आवश्यक है उसी तरह सिल्क साड़ियां भी महिलाओं के लिये श्रृंगार ही है।**



यह कहना है नेशनल सेल्स एक्सपो की ब्रांड एंबेसडर और एक्ट्रेस सारिका दीक्षित का। वे अभय प्रशाल में 22 से 27 नवंबर तक आयोजित होने वाली नेशनल सिल्क एक्सपो के उद्घाटन के अवसर पर बोल रही थी। उन्होंने यहां के प्रत्येक स्टॉल पर जाकर साड़ियां अच्छी और उनकी उनकी जमकर प्रशंसा की। सारिका दीक्षित ने कहा कि अब तो भारतीय संस्कृति का डंका विदेश में भी बज रहा है । भारतीय परिधान को अब विदेशी महिलाएं भी अपना रही हैं। वैवाहिक स्पेशल साडियो में हल्दी के लिए पीले, मेहंदी के लिए हरे तथा महिला संगीत के लिए विभिन्न प्रकार की वैरायटी आपको यहां मिल सकती है। यह सभी साडिया बुनकरो ने कडी मेहनत कर अपने हाथों से बनाई है।

इस एग्जीबिशन में अपने प्रोफेशन और पसंद के अनुसार साडियां खरीद सकते हैं, क्योंकि यहां त्यौहार के लिए चटख रंगों और हैवी वर्क से लेकर, ऑफिस के लिए पेस्टल शेड्स और डेलिकेट वर्क वाली यूनीक साडियां उपलब्ध हैं। आयोजक जयेश कुमार गुप्ता ने बताया यहां 20 से अधिक राज्यों के 80 से अधिक स्टॉल पर पैठणी, कढ़वा बूटी, तनछेई सिल्क, प्योर जरी वर्क कांजीवरम, मूंगा सिल्क साडियां मौजूद हैं। साथ ड्रेस मटेरियल्स से लेकर प्योर फेब्रिक्स के ही कॉर्सेट्स, रिवर्सेबल कुर्तियां, ट्रेंडी और डेलीकेट दुपट्टे के साथ ज्वेलरी भी मौजूद है।

# नाबालिग दुल्हन को ब्याहने झांसी से आया दूल्हा

## प्रशासन ने छापा मारकर रुकवाया विवाह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दूल्हे ने बताया कि उसकी मां अक्सर बीमार रहती है। उसकी सेवा के लिए वह जल्दी शादी करना चाह रहा था, लेकिन प्रशासन के छापे के बाद बारात लौट गई। उड़न दस्ते को यह भी पता चला कि यह शादी एक महिला दलाल के माध्यम से तय हुई थी।**

रुस्तम का बगीचा क्षेत्र में हो रही एक नाबालिग की शादी प्रशासन ने रुकवा दी। दुल्हन को ब्याहने झांसी से दुल्हा आया था। नाबालिग की मां खुद ही उसकी शादी करना जा रही था। बाल विवाह का उड़न दस्ता जब मौके पर पहुंचा तो किशोरी के परिजनों ने जन्म से जुड़े दस्तावेज देने में आनाकानी शुरू कर दी। इसके बाद सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र पाठक ने किशोर के जन्म स्थल और स्कूल की जानकारी जुटाई। गुजरात के बड़ौदा जिले के एक गांव के स्कूल में किशोरी की पढ़ाई का पता चला तो वहां से रिकार्ड बुलवाया। इसके बाद पता चला कि किशोरी की उम्र 17 साल है। किशोरी की मां का विवाह गुजरात में हुआ था, लेकिन वह अपने पति से अलग रह रही थी। वह अपनी नाबालिग बेटी का विवाह



करना चाहती थी, ताकि आर्थिक बोझ उस पर न पड़े। देव उठनी एकदश पर साथ फेरे लेने के लिए दुल्हा बारात सहित झांसी से इंदौर आया गया था।दुल्हे ने बताया कि उसकी मां अक्सर बीमार रहती है। उसकी सेवा के लिए वह जल्दी शादी करना चाह रहा था, लेकिन प्रशासन के छापे के बाद बारात लौट गई। उड़न दस्ते को यह भी पता चला कि यह शादी एक महिला दलाल के माध्यम से तय हुई थी और वह भी विवाह में शामिल हुई थी।

**पड़ोसी ने की थी शिकायत-** किशोर के साथ उसकी मां मारपीट भी करती है। किशोर खुद शादी करना नहीं चाहती थी,लेकिन दबाव बनाकर उसकी शादी कराई जा रही थी। पड़ोसियों ने प्रशासन को नाबालिग होने के बावजूद किशोरी का विवाह करने की शिकायत की। इसके बाद बाल विवाह रोकने वाला उड़न दस्ता सक्रिय हो गया और शादी रुकवा दी।

# गाड़ियों के कांच फोड़ने वाले आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने निकाला जुलूस, नशे में की थी वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सोमवार देर रात महू सहित किशनगंज थाना क्षेत्र में उत्पाद मचा कर गाडियों के कांच फोडऩे वाले 6 युवकों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सभी युवक महू के ही रहने वाले हैं, नशे की हालत में इन्होंने गाडियों के कांच फोडऩे की वारदात को अंजाम दिया था।**

कोतवाली थाना प्रभारी संजय द्विवेदी ने बताया कि 6 युवकों को गिरफ्तार किया गया है। यह सभी महू के ही रहने वाले हैं, पहले इन सभी ने धार नाका में रहने वाले इनके एक मित्र का बर्थडे मनाया उसके बाद सभी ने शराब पी। नशे की हालात में इन्होंने घटना को अंजाम दिया था। युवकों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने इन सभी का घटना वाले क्षेत्र में जुलूस निकाला और अगली बार ऐसी गलती नहीं करने की शपथ भी दिलवाई।

**ये आरोपियों हुए गिरफ्तार-** थाना प्रभारी संजय द्विवेदी ने बताया कि आरोपी हर्ष लाखन पिता अशोक लाखन (20) निवासी पुलिस लाईन महू, प्रणय उर्फ छोटू पिता अनिल परदेशी (20) निवासी राबर्ट बेरक महू, ऋषि पिता देवीलाल मलक (19) निवासी जोशी मोहल्ला महू, अभिषेक पिता कमलेश (19) निवासी मेहता की चाल महू, प्रथम उर्फ कुक्कु पिता ऋषि चावरें (20) निवासी आशियाना कालोनी महू, रमन पिता राजू पातडक़र (23) निवासी मोती महल महू को हिरासत में लिया गया है। इन सभी का पुलिस ने जुलूस भी निकाला। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय द्विवेदी, उनि एमएल डोडियार, उप निरीक्षक संदीप अखाडिया, प्रआर. अशोक चन्द्रवंशी, आरक्षक राकेश मीणा, सुखराम, विजय अण्डेलकर, शंकर लाल, सैनिक सुजीत वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पिछले साल के मुकाबले दोगुना हुए डेंगू मरीज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बारिश का मौसम खत्म होकर डेढ़ माह से ज्यादा हो चुका है, लेकिन डेंगू के नए मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। इस साल अभी तक 430 मरीज ट्रेस हो चुके हैं, जो पिछले साल की तुलना में करीब दोगुना हैं। एक्सपट्र्स के मुताबिक डेंगू मरीजों के मिलने का सिलसिला बारिश से शुरू होता है, लेकिन अगर पैटर्न में बदलाव हो तो संख्या कम-ज्यादा होती है।

इस बार नवम्बर के 22 दिनों में 48 मरीज मिल चुके हैं। 22 नवम्बर को 4 नए मरीज मिले हैं। इस तरह अभी तक 430 मरीज मिले हैं। इसके पूर्व 2022 में 242 मरीज मिले थे। पिछले पांच सालों में 2021 में डेंगू के सबसे ज्यादा 1201 मरीज मिले थे। इस बार सितम्बर के आखिरी हफ्ते में बारिश का दौर खत्म हो गया, लेकिन मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। अभी एक्टिव केस 4 हैं, जिनमें से दो पुरुष व दो महिलाएं हैं। सभी का घर पर ही इलाज चल रहा है। इस साल अक्टूबर में सबसे ज्यादा 159 डेंगू के मरीज मिले, जबकि सितम्बर में 136 मिले और अब 22 दिनों में 48 मिले हैं। ऐसा नहीं है कि हर रोज डेंगू के मरीज मिले। बीच-बीच में दो-चार दिनों का गैप भी रहा, तो कभी 5 कभी 2 तो कभी 6, 7, 9, 11 व 12 मरीज भी मिले। इस तरह सितम्बर में औसतन हर रोज 4 तो अक्टूबर में 5 मरीज मिले। नवम्बर में औसतन हर रोज 2 मरीज ट्रेस हो रहे हैं। इसके अलावा प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने वालों की संख्या अलग है।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. दौलत पटेल ने बताया कि दरअसल बारिश का एक पैटर्न होता है जिसमें मच्छरों की ब्रीडिंग होती है। दूसरा यह कि डेंगू का वायरस जो कभी एक्टिव रहता है तो कभी नॉन एक्टिव रहता है।

# ब्लैकमेलर महिला का मैनेजर पति गिरफ्तार

## निजी कंपनी के मालिक को रेप केस में फंसाने के नाम पर की थी लाखो की वसूली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूडिया पुलिस ने ब्लैकमेलर महिला के पति को पकड़ा है। उस पर अपनी पत्नी की करतूतो में शामिल होने ओर ब्लैकमेलिंग से वसूले गए रूपये अपने अंकाउट में डलवाने के साथ झूठी जानकारी कोर्ट में देने के आरोप लगे है। देर रात पुलिस करीब ढाई बजे के लगभग आरोपी के घर पहुंची। काफी देर मशक्कत के बाद आरोपी बाहर आया। उसे गिरफ्तार कर वह थाने लेकर आ गई।**

लसूडिया पुलिस ने निजी कार कंपनी में फायनेंस मैनेजर का काम करने वाले अजय राजपूत को देर रात करीब ढाई बजे हिरासत में लिया है। अजय की पत्नी ने इलाके में रहने वाले राहुल शर्मा को रेप केस के चलते ब्लैक मेल किया। वही करीब 40 लाख के जेवर ओर केश हड़प लिया। इस मामलें में राहुल ने लसूडिया थाने में महिला पर केस दर्ज कराया। उक्त केस में महिला वर्तमान में जमानत पर है।

### ऐसे हुआ खुलासा

महिला 3 अक्टूबर 2022 की रात अपना घर छोड़ बिजनेसमैन राहुल के पास रहने आ गई यहां महिला ने कहा कि उसे नहीं रखा तो वह उसे बलात्कार के केस में फंसा देगी राहुल ने उसे रहने के लिये घर दिला दिया। महिला के अजय ने 4 अक्टूबर 2022 को लसूडिया थाने में पत्नी की गुमशुदगी दर्ज करवा दी। वही 10 दिन बाद दोनों कुटुंब न्यायालय में यानी 14 अक्टूबर 2022 को तलाक का आवेदन दे दिया। दोनों इस आवेदन में कोर्ट को झूठ लिखा ओर बताया कि पति-पत्नी 1 जनवरी 2020 से अलग-अलग पृथक पृथक रह रहे है। इसके बाद कुटुंब न्यायालय ने भी झूठे शपथ पत्र वह झूठे बयान के आधार पर मात्र दो माह में उन्हें तलाक दे दिया । महिला 1 करोड़ 10 लाख के मकान को अपने नाम करवाने को लेकर राहुल पर दबाव बना रही थी। व्यापारी ने परेशान होकर 5 दिसंबर 2022 को लसूडिया थाने में महिला की ब्लैकमेलिंग की शिकायत कर दी। महिला को इस शिकायत की जानकारी लगी तो उसने 8 दिसंबर 2022 को व्यापारी पर बलात्कार का केस दर्ज कर दिया। हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद भी महिला ने राहुल का पीछा नही छोड़ा विजयनगर में बापू की कुटिया रेस्टोरेंट में महिला ने व्यापारी से कैसे सेटलमेंट के नाम पर 30 लाख रुपए व्यापारी से मांगे व्यापारी ने महिला पर लसूडिया थाने में ब्लैकमेलिंग का केस दर्ज कराया फिर पुलिस ने 3 महीने की जांच के बाद महिला पर हनी ट्रिप का केस दर्ज किया और महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया

### सांसद प्रतिनिधी बनकर धमकी

अजय राजपूत के बारे में जानकारी मिली थी कि वह खुद को सांसद शंकर लालवानी का प्रतिनिधी बताकर धमकी देता। इसके मामले में सांसद शंकर लालवानी से पीडित राहुल ने जानकारी मांगी। ललवानी ने उक्त मामले में जानकारी जुटाई। इसके बाद अपने लेटर पेड पर अजय राजपूत के किसी भी तरह प्रतिनिधी नही होने की बात का उल्लेख किया। इस मामले में सांसद ने एक लेटर भी जारी किया।

### आज कोर्ट में पेश करेंगे

इस मामले में टीआई तारेश सोनी से बात की गई। उन्होंने बताया कि अजय राजपूत उसकी पत्नी द्वारा ब्लैकमेलिंग के मामले में उसके साथ शामिल था। जांच में इस बात का खुलासा हुआ है। उसकी गिरफ्तारी की गई है। गुरूवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# सिख समाज ने लगाए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे

## करतारपुर साहिब गुरुद्वारे में मांस-मदिरा पार्टी का मामला गर्माया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पाकिस्तान के करतारपुर साहिब गुरुद्वारे में कथित मांस-मदिरा और डांस पार्टी का मामला गर्मा गया है। इसके खिलाफ इंदौर में भी सिख समाज ने लामबंद हो गया है। संभागायुक्त कार्यालय परिसर में समाज जनों ने बुधवार को पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए केंद्र सरकार से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। इसके साथ ही समाज जनों ने दिल्ली सरकार द्वारा शीश गंज गुरुद्वारे तक कार ले जाने के प्रतिबंध पर सवाल खड़े करते हुए आदेश निरस्त करने की मांग की है।

श्री गुरुसिंघ सभा इंदौर के अध्यक्ष मनजीत सिंह (रिंकू) भाटिया का कहना है कि श्री गुरु सिंघ सभा इंदौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से ज्ञापन सौंपा है। पाकिस्तान में करतारपुर साहब गुरुद्वारे में जो घटना घटित हुई है, वह निंदनीय है। वहां पर मांस-मदिरा की पार्टी और नृत्य दिखाया गया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

हमने भारत सरकार से मांग की है कि उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें। पाकिस्तान गुरुनानक देवजी का जन्मस्थल है। वहां बहुत सारे गुरुद्वारा साहब हैं। आज अगर एक धर्म स्थल पर इस तरह की शुरुआत हुई है तो ये नासूर की तरह आगे फैलेगी। इस पर वहीं पर अंकुश लगाना बहुत जरूरी है। उसके खिलाफ केंद्र सरकार कदम उठाए। हमारा दूसरा मुद्दा दिल्ली स्थित शीशगंज साहिब गुरुद्वारा का है। वहां पर गाडियों के 20-20 हजार के चालान काटे जा रहे हैं। बुजुर्ग हैं, महिलाएं हैं, पुरुष हैं। कुछ समस्या है तो लोग परिवार सहित जाते ही हैं। लाल किले से लेकर शीशगंज गुरुद्वारे तक कार ले जाने पर प्रतिबंध है। कार चालकों के 20 से 50 हजार तक के चालान कट रहे हैं। धार्मिक स्थल है। लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इस ऑर्डर को निरस्त किया जाए। तीसरा मुद्दा कॉलेजियम से 5 जजों की नियुक्ति का है। इसमें 2 सिख जज थे। उनकी नियुक्ति रोक दी गई। ये भेदभाव की शुरुआत है, इसके खिलाफ हम लोगों ने कहा है। देश की आजादी में सिखों का बहुत बड़ा योगदान रहा है, इसको न भूलें। संविधान सबको बराबर का अधिकार देता है।

चौथा मुद्दा बंदी सिंह का है। बंदी सिंह उन सिख कैदियों को कहा जाता है, जिन्हें पंजाब के उग्रवाद में शामिल होने के लिए दोषी ठहराया गया था। आज भी कई बंदी सिंह देश की अलग-अलग जेलों में बंद हैं। जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है, लेकिन उनकी रिहाई नहीं हो रही है। केंद्र सरकार ने इस पर रोक लगा रखी है। उनकी रिहाई करें।

# भोपाल, इंदौर-जबलपुर में 1 डिग्री लुढ़का पारा

## बारिश से पहले हल्की ठंड, पचमढ़ी की रात सबसे ठंडी

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**भोपाल। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से पहले मध्यप्रदेश में दिन-रात के टेम्प्रेचर में हल्की गिरावट हुई है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन समेत कई शहरों में दिन का पारा 1 डिग्री से ज्यादा लुढ़क गया। हिल स्टेशन पचमढ़ी की रात सबसे ठंडी है। मंगलवार रात पचमढ़ी 11.4 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ। प्रदेश में सबसे ज्यादा रात का तापमान नरसिंहपुर में 19.4 डिग्री रहा। 10 से ज्यादा शहरों में रात का पारा 15 या इससे कम रहा है।**

मौसम विभाग के अनुसार, 25 नवंबर को उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस पहुंच रहा है, जिसका असर मध्यप्रदेश में भी होगा। यह सिस्टम स्ट्रॉन्ग हो सकता है। बारिश हुई तो यह सीजन का पहला मावठा होगा। मौसम केंद्र के फोरकास्ट इंचार्ज डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, सिस्टम की वजह से भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत पश्चिमी हिस्से के कई जिलों में हल्की बारिश हो सकती है।



### कब, कहां हो सकती है बारिश

- 25 नवंबर को प्रदेश में बादल छा सकते हैं।
- 26-27 नवंबर को इंदौर-उज्जैन संभाग के जिलों में असर रहेगा।
- 27-28 नवंबर को भोपाल समेत पश्चिमी मप्र में बारिश की संभावना है।

### अभी ऐसा है मौसम का मिजाज

वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने से पहले प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कभी दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है तो कभी गिरावट। मंगलवार को कई शहरों में दिन के तापमान में गिरावट हुई। सबसे ठंडा बालाघाट जिले का मलाजखंड रहा। यहां अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री दर्ज किया गया। राजधानी भोपाल में पारा 30.3 डिग्री, इंदौर में 28.3 डिग्री, ग्वालियर में 28.4 डिग्री, उज्जैन में 29.5 डिग्री, जबलपुर में 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। छिंदवाड़ा, खजुराहो, नौगांव, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, सीधी, उमरिया, बैतूल, धार, रायसेन, रतलाम, शिवपुरी में भी पारा 30 डिग्री से कम रहा।

# चलती कार में नाबालिग से गैंगरेप

## पुलिस बोली-एफआइआर से कुछ नहीं होता, राजीनामा कर लो; आरोपियों में शिक्षक का बेटा भी

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

डिंडौरी। डिंडौरी में चलती कार में एक नाबालिग के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। चारों आरोपी नाबालिग के गांव के ही रहने वाले हैं। कार एक शिक्षक की है। आरोपियों में उसका बेटा भी शामिल है। मामला बजाग थाना क्षेत्र का है। बजाग पुलिस ने चार दिन तक शिकायत दर्ज नहीं की।

नाबालिग के पिता का आरोप है कि पुलिस ने राजीनामा करने की सलाह देकर थाने से लौटा दिया। कहा- एफआईआर कराने से कुछ नहीं होगा। तुम राजीनामा कर लो। इसके बाद बेटी को लेकर महिला थाना और अजाक थाना गए, तब जाकर 19 नवंबर को केस दर्ज किया गया। एएसपी जगन्नाथ मरकाम ने बताया कि पुलिस ने 21 नवंबर को एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कार भी जब्त कर ली है। तीन अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। नाबालिग के पिता का आरोप है कि हम बेटी के साथ बजाग थाने शिकायत करने गए थे। पुलिस ने चार दिन तक शिकायत दर्ज नहीं की।

### कार्यक्रम की जगह जंगल में ले गए आरोपी

नाबालिग के पिता ने बताया कि यह वारदात 15 नवंबर की है। शाम करीब साढ़े पांच बजे पीड़िता अपनी बहन और चाचा के लड़के के साथ साइकिल से गांव के दूसरे मोहल्ले में बिरसामुंडा जयंती का कार्यक्रम देखने जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में कार में सवार गांव के चार युवक उनके पास आए। उन्होंने कार रोककर पूछा कि कहां जा रही हो। बेटी ने कार्यक्रम में जाने की बात बताई तो लड़कों ने वहां तक पहुंचाने की बात कहकर दोनों बेटियों को गाड़ी में बैठा लिया। चाचा का बेटा कार में नहीं बैठा। आरोपियों ने गाड़ी कार्यक्रम स्थल पर न रोककर आगे बढ़ा दी।

### ग्वालियर में छात्रा के अपहरण मामले में खुलासा

# प्रेमी के साथ 4 दिन पहले ही भागने का प्लान था

**ग्वालियर। ग्वालियर में पेट्रोल पंप से दिनदहाड़े बीए फर्स्ट ईयर की छात्रा के अपहरण मामले का खुलासा हो गया है। पूरा मामला प्रेम प्रसंग का है। अपहरण के 12 घंटे के बाद छात्रा को पुलिस ने गुना सिटी के एक लॉज से बरामद कर लिया। आरोपी रोहित भी यहीं से पकड़ा गया है। लॉज में रूम बुक करते समय छात्रा और रोहित कुशवाह ने अपने-अपने आधार कार्ड भी जमा कराए थे।**

बाइक पर जबरदस्ती बिठाने के तरीके पर छात्रा ने कहा कि मेरे पैर में दर्द था, इसलिए रोहित ने ऐसे बिठाया था। पुलिस उसे लेकर ग्वालियर लौटी तो उसने अपने बयान में कहा कि मैं जाना नहीं चाहती थी। रोहित ने जबरन बिठाया था। छात्रा ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर भागने की प्लानिंग की थी, लेकिन उसे अपहरण का रूप देना महंगा पड़ गया।

### ताऊ के यहां गृह प्रवेश में आई थी

भिंड की 19 वर्षीय छात्रा के ताऊ के घर ग्वालियर में सोमवार को गृह प्रवेश का कार्यक्रम था। इसमें शामिल होने के लिए वह अपने चाचा, चाची व अन्य परिजन के साथ लहार के बरा गांव से आई थी। वह सुबह नौ बजे नाका चंद्रवदनी के पास पेट्रोल पंप पर उतरे थे। चाचा व अन्य परिजन बातचीत कर रहे थे, तभी छात्रा वाशरूम के लिए पास ही के पेट्रोल पंप पर अंदर की तरफ चली गई। इसी समय काले रंग की बाइक पर दो नकाबपोश युवक पहुंचे। एक युवक बाइक पर ही बैठा रहा, जबकि दूसरा कुछ आगे गया और छात्रा को खींचता हुआ बाइक तक लाया। छात्रा को बाइक पर बिठाकर फरार हो गया। पेट्रोल पंप के 30 सेकंड के फुटेज ने मामला और संवेदनशील बना दिया। युवकों की तलाश में पूरे ग्वालियर की पुलिस को दौड़ा दिया गया। इसके बाद रोहित कुशवाह का नाम सामने आया।

### अपहरणकर्ता के साथ मिली छात्रा

पुलिस पड़ताल करते हुए गुना पहुंची तो वहां के सिटी कोतवाली इलाके में एक लॉज में अपहृत छात्रा कथित आरोपी रोहित कुशवाह के साथ मिली। गुना पुलिस का कहना है कि छात्रा मांग में सिंदूर भरे हुए थी। उसने पुलिस से यह भी कहा कि उसका अपहरण नहीं हुआ है। चार दिन पहले ही उनकी भागने की प्लानिंग थी। वो तो मेरे पैर में दर्द था, इसलिए रोहित ने उसे उठाकर बाइक पर बैठाया था। ग्वालियर में पुलिस ने छात्रा के बयान लिए हैं। छात्रा ने पुलिस को बताया कि उनका भागने का प्लान था, लेकिन घटना वाले दिन वह उसके साथ इस तरह जाना नहीं चाहती थी। वह जबरदस्ती ले गया।

# दतिया में कार्तिक स्नान के दौरान दो की मौत

## नदी के तेज बहाव में बही नाबालिग, उसे बचाने गई महिला की भी मौत

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**दतिया। दतिया की अंगूरी नदी में कार्तिक स्नान के दौरान 13 साल की लड़की और 21 वर्षीय महिला की मौत हो गई। बुधवार सुबह साढ़े छह बजे भगोर गांव की करीब 200 महिलाएं स्नान करने पहुंची थीं।**

चिरुला थाना प्रभारी वैभव गुप्ता ने बताया, महिलाएं कृष्ण जी की प्रतिमा बनाकर पूजा करने नदी में उतरी थीं। इसी दौरान करीब 9 बजे साक्षी (13) भी नहाने के लिए नदी में उतर गई, वह तेज बहाव में बहने लगी। उसे बचाने के लिए 2-3 महिलाएं गहरे पानी में उतर गईं। इनमें से कोमेश यादव (21) भी बह गई। ग्रामीणों ने बाकी महिलाओं को सुरक्षित बचा लिया।\ पुलिस ने दोनों शव बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिए हैं। तहसीलदार ने सम्बल योजना के तहत मृतकों के परिवार को 4-4 लाख रुपए देने की बात कही है।

### बचाने गई भाभी भी बह गई

कोमेश की ननद मुस्कान यादव ने बताया, भाभी पूजा करने के बाद नदी किनारे ही थी। उनके साथ हमारे परिवार की एक लड़की भी थी। तभी एक लड़की (साक्षी) नदी में बहने लगी। ये देख दोनों लड़की को बचाने चली गईं। लड़की को बचाने के चक्कर में भाभी भी बह गई।

### आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे

घटना के समय पास के खेत में काम कर रहे ग्रामीण गौतम यादव चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे। गौतम ने बताया कि दो बच्चियां और एक महिला नदी में बह रही थी। एक बच्ची ने झाड़ियों का सहारा ले लिया था। उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन एक बच्ची और एक महिला को नहीं बच सके।

### 9वीं की छात्रा थी साक्षी

मृतक साक्षी कक्षा 9वीं की छात्रा थी। उसकी मौत के बाद माता-पिता बेसुध हैं। साक्षी की 5 बहन और एक भाई है। वह बहनों में सबसे छोटी थी। परिजन का कहना है कि वह पहली बार गांव की महिलाओं के साथ स्नान करने गई थी।

### छह महीने पहले हुई थी शादी

कोमेश की शादी देवेंद्र यादव से छह महीने पहले 2 मई 2023 को हुई थी। कोमेश नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। घटना से पूरा परिवार दुखी है, गांव की अन्य महिलाएं परिवार को ढांढस बंधा रही हैं।

## धमाके से दहल उठा दमोह 70 किलो विस्फोटक डिस्पोज, लोगों ने समझा भूकंप आया

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

दमोह। दमोह पुलिस और प्रशासन की टीम ने मंगलवार शाम अवैध पटाखा फैक्ट्री से जब्त 70 किलो से ज्यादा विस्फोटक पदार्थ शहर से दूर बरबटी गांव के पहाड़ पर नष्ट कर दिया। इस बीच 100 फीट ऊंचाई पर आग का गुबार और धुआं नजर आया। इससे आसपास के 5 किमी इलाके में लोगों को कंपन महसूस हुआ तो इसे भूकंप का झटका समझ बैठे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर जब्त एक्सप्लोसिव को डिस्पोज किया। एसपी शुक्ला ने बताया कि इस कार्रवाई के लिए बीडीएस प्रभारी सुनील तिवारी सागर से दमोह पहुंचे थे। उनके निर्देशन में यह पूरा डिस्पोजल हुआ है।

# शिप्रा में सैकड़ों मछलियां मरीं, फैली बदबू

## स्टॉप डैम से पानी रोकने के कारण कम हुई ऑक्सीजन, महापौर बोले- फव्वारे लगाएंगे

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**उज्जैन। उज्जैन स्थित शिप्रा में सैकड़ों की तादाद में मछलियां मर गईं। बुधवार सुबह बड़े पुल के सटे धोबी घाट के आसपास इलाके में बदबू फैल गई। यहां बने स्टॉप डैम को बंद करने के कारण करीब आधा किलोमीटर एरिया में पानी और ऑक्सीजन की कमी हो गई। इस वजह से इतनी बड़ी संख्या में मछलियां तड़प-तड़प कर मर गईं।**

शिप्रा नदी के बड़े पुल के समीप धोबी घाट पर सुबह लोगों को मछलियां मरने की सूचना मिली। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग मछलियां बीनने पहुंच गए। धोबी घाट पर काम करने वाले मोहम्मद जाकिर का कहना है कि चक्रतीर्थ घाट के आगे बड़े पुल के पास बने स्टॉप डैम को बंद करने के कारण पानी कम हो गया। इससे ऑक्सीजन भी कम हो गई।

**टाटा कंपनी ने रोका था स्टॉप डैम का पानी-** जानकारी के मुताबिक टाटा कंपनी उज्जैन में सीवरेज की लाइन बिछाने का काम कर रही है। कंपनी की जिम्मेदारी है कि वह शहर में इंदौर की कान्ह नदी से आने वाले गंदी पानी को भी रोके। उसे शिप्रा के रामघाट में नहीं मिलने दे। साथ ही, उज्जैन के निकलने वाले गंदे पानी को भी शहर से बाहर डायवर्ट करे। सीवरेज के काम के लिए कंपनी ने डैम का पानी रोक दिया। इससे आधा किलोमीटर एरिया में पानी का लेवल कम हो गया। बता दें कि पहले भी शिप्रा नदी में पानी ठहरने और नाले का गंदा पानी मिलने पर मछलियां बड़ी संख्या में मरी हैं।

**कान्ह डायवर्शन योजना फ्लॉप-** उज्जैन नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रविराय ने कहा कि कान्ह डायवर्शन योजना फ्लॉप हो गई है। वर्तमान में गऊघाट पाले पर जाकर देखें, तो शिप्रा का पानी काला हो चुका है। सोमवती अमावस्या पर गंभीर डैम का पानी डाला गया था।

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर, गुरुवार
23 नवंबर, 2023



Uttarakhand

# 40 एंबुलेंस, गैस मास्क, स्ट्रेचर, 15 डॉक्टरों की टीम, हेलिकॉप्टर की तैनाती... सुरंग की आखिरी दीवार गिरने से पहले की गईं ये तैयारियां

**उत्तरकाशी, (एजेंसी)** उत्तरकाशी के सिल्क्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों को बचाने के लिए चलाए जा रहे राहत और बचाव कार्य का आज 12वां दिन है.देर रात ड्रिलिंग के दौरान मशीन के सामने लोहे की सलाखों ने रास्ता रोका जिसे स्पेशल कटर लगाकर उसे काटने की कोशिश की गई और इसके लिए गैस कटर का भी इस्तेमाल किया गया गया. इसके बाद ऑगर मशीन की बिट खराब हो गई. ऑगर मशीन के बिट को ठीक करने के लिए हेलिकॉप्टर से मशीन लाई गई. ऐसे में जब रेस्क्यू ऑपरेशन अब अपने अंतिम चरण में है और इसी के मद्देनजर एम्बुलेंस भी तैयार रखी गई हैं.और एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर मौजूद है. रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए एनडीआरएफ अतिरिक्त स्ट्रेचर तैयार कर रही है जिसमें बेरिंग और पहिया लगाए जा रहे हैं ताकि मजदूरों को लंबी पाइप में क्रॉल



ना करना पड़े बल्कि उन्हें पहिए वाले स्ट्रेचर से खींचकर निकल जाए. सिल्क्यारा सुरंग स्थल पर 'ऑक्सीजन सिलेंडर, मास्क, स्ट्रेचर से लेकर बीपी उपकरण तक' सभी चिकित्सा सहायता मशीनें मौजूद हैं.NDRF के बचाव कर्मी गैस मास्क और स्ट्रेचर लेकर के अंदर जा रहे हैं. हाथों में कई तरह के इक्विपमेंट है जिसमें कटर भी शामिल है. पाइप जैसे ही मलबा पार करेगी सबसे पहले एनडीआरएफ कर्मी पाइप में से घुसकर मजदूरों की तरफ जाएंगे. 12 एंबुलेंस यहां स्टैंडबाई पर रखी गई है. एम्बुलेंस स्टाफ सदस्य हरीश प्रसाद ने कहा, 'सभी व्यवस्थाएं की गई हैं. हमारी 40 एंबुलेंस यहां तैनात रहेंगी जिन्हें देहरादून, हरिद्वार और टिहरी यहां भेजा जा रहा है. सुरंग के बाहर चेस्ट स्पेशलिस्ट सहित 15 डॉक्टरों की एक टीम को सुरंग के बाहर तैनात किया गया है.' एनडीआरएफ की टीम पहले से मौके पर मौजूद है और बचाव तथा राहत कार्यों में जुटी हुई है. जैसे ही टनल के अंदर तक पाइप चला जाएगा तो सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को एनडीआरएफ के जवान ही यहां बाहर निकालेंगे.

New Delhi

## 350 रुपए लूटने के लिए 60 बार चाकू से गोदकर मार डाला, लाश पर नाचा भी, दिल्ली में 16 साल का ऐसा हत्यारा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां महज 350 रुपए के लिए एक लड़के ने दूसरे युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। इस दौरान आरोपी ने एक दो बार नहीं बल्कि 60 बार युवक पर चाकू से वार किया। आरोपी के सिर पर इस हद तक खून सवार था कि उसने नाबालिग की गर्दन काटने की कोशिश की औऱ उसके सिर पर लात भी मारी। ये पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना को नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के वेलकम थाना क्षेत्र में मंगलवार रात को अंजाम दिया गया।

वहीं पुलिस ने 16 साल के आरोपी को बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। उस पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि वो स्कूल ड्रॉप आउट है और दिल्ली में अपने माता पिता के साथ रहता है। उसके माता पिता दिहाड़ी मजदूर हैं। जानकारी के मुताबिक हत्या के दौरान वो नशे की हालत में था। वहीं पीड़ित अपनी मां के साथ जाफराबाद के पास रहता था। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया दोनों ही एक दूसरे को नहीं जानते थे। आरोपी पहले पीड़ित के पास गया और बिरयानी खरीदने के लिए 350 रुपए मांगने लगा। पीड़ित ने देने से मना किया तो उसने उससे पैसे छीनने की कोशिश की जिसके बाद दोनों में झड़प हो गई। इसके बाद आरोपी ने उसका गला दबा कर बेहोश कर दिया।

New Delhi

## दिल्ली-NCR वालों को सुबह-सुबह लगा तगड़ा झटका, सीएनजी की कीमतों में इतना इजाफा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** गुरुवार को महंगाई के मोर्चे पर एक बड़ा झटका लगा है. सुबह-सुबह ही दिल्ली और एनसीआर में सीएनजी की कीमतों में इजाफा कर दिया गया है. CNG के दाम 1 रुपये तक बढ़ाए गए हैं और इस बढ़ोतरी के बाद राजधानी दिल्ली में सीएनजी की कीमत 74.59 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 75.59 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है. अन्य नोएडा-ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद समेत अन्य शहरों में भी कीमतें में इसी दर से बढ़ाई गई हैं. CNG की नई कीमतें आज यानी 23 नवंबर 2023 से लागू हो गई हैं. दिल्ली के अलावा गौतम बुद्धनगर के नोएडा में सीएनजी की कीमत 80.20 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर अब 81.20 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है. वहीं ग्रेटर नोएडा में ये 79.20 रुपये से बढ़कर 80.20 रुपये में मिलेगी.

Punjab

## सुल्तानपुर लोधी में निहंगों और पुलिस के बीच फायरिंग, होमगार्ड जवान की मौत, डीएसपी समेत दस घायल

**चंडीगढ़, (एजेंसी) कपूरथला के सुल्तानपुर लोधी के गुरुद्वारा अकाल बुंगा में गुरुवार सुबह पुलिस और निहंग सिंहों के बीच ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। फायरिंग में पीसीआर में तैनात एक होमगार्ड जवान जसपाल सिंह की मौत हो गई। वहीं डीएसपी भुलत्थ समेत दस पुलिसवाले घायल हो गए।**

सभी घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। संत बलबीर सिंह सीचेवाल घायलों का हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे। सिविल अस्पताल सुल्तानपुर लोधी में भर्ती जख्मियों की पहचान डीएसपी भुलत्थ भारत भूषण सैनी, एएसआई सुखदेव सिंह, कांस्टेबल बबलप्रीत सिंह, एएसआई अशोक कुमार, एएसआई गुरमीत सिंह, सुरिंदर सिंह, अमनदीप सिंह, हरभजन सिंह, रमनदीप सिंह और हरजिंदर सिंह के रूप में हुई है। वहीं मृतक की पहचान जसपाल सिंह निवासी गांव मनियाला के तौर पर हुई है। फिलहाल फायरिंग बंद है।

खेल

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टी20 आज, ईशान-यशस्वी और सुंदर-अक्षर में किसे मिलेगा मौका?

**विशाखापत्तनम।** हाल ही में वनडे विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करने वाली टीम इंडिया गुरुवार से उसके खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलने उतरेगी। विशाखापट्टनम में होने वाला पहला मैच शाम सात बजे शुरू होगा, जबकि टॉस इससे आधे घंटे पहले यानी शाम साढ़े छह बजे होगा।

भारतीय टीम अभी ठीक से उस हार का गम भी नहीं उतार सकी होगी कि उसे फिर से उसी टीम के खिलाफ खेलना है जिसने उन्हें हराया था। सूर्यकुमार यादव इस सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे, जबकि ऋतुराज गायकवाड़ शुरुआती तीन मैचों में उपकप्तान होंगे। आखिरी दो मैचों में श्रेयस अय्यर वापसी करेंगे और वह उपकप्तान होंगे।

हालांकि, विश्व कप की हार को भुलाना इतना आसान काम नहीं है और फिर सूर्यकुमार को केवल 96 घंटे के अंदर मजबूत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक युवा



टीम का नेतृत्व करना है। उन्हें आत्ममंथन करने का मौका भी नहीं मिलेगा, लेकिन टी20 उनका पसंदीदा प्रारूप है और वह इसमें खेलने के लिए तैयार होंगे। टीम का कप्तान होने के नाते उनकी जिम्मेदारी केवल जीत दर्ज करना ही नहीं बल्कि उन खिलाड़ियों की पहचान करना भी होगा जो अगले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए अपना दावा पेश कर सकते हैं।

यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा और मुकेश कुमार जैसे खिलाड़ियों ने हाल के महीनों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया है, लेकिन उनकी पहली परीक्षा ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ होगी जिसमें विश्वकप में भाग लेने वाले कुछ खिलाड़ी जैसे सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड, ग्लेन मैक्सवेल, लेग स्पिनर एडम जाम्पा और पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ शामिल हैं।

इसके अलावा आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले मार्कस स्टोइनिस, नाथन एलिस, टिम डेविड जैसे खिलाड़ी भी ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल हैं। अपने प्रमुख तेज गेंदबाजों की अनुपस्थिति के बावजूद मैथ्यू वेड की अगुवाई वाली टीम काफी मजबूत नजर आ रही है। पिछले साल टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में मिली हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और केएल राहुल के नाम पर सबसे छोटे प्रारूप में खेलने के लिए विचार नहीं किया जा रहा है और ऐसे में चयनकर्ताओं को इस सीरीज से अगले साल होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए टीम का खाका तैयार करने में मदद मिलेगी।

### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11

भारतः ईशान किशन (विकेटकीपर), ऋतुराज गायकवाड़, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल/वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा/आवेश खान, मुकेश कुमार।

ऑस्ट्रेलियाः स्टीव स्मिथ, मैट शॉर्ट, एरॉन हार्डी, जोश इंग्लिस, मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड, मैथ्यू वेड (कप्तान/विकेटकीपर), शॉन एबॉट, नाथन एलिस, जेसन बेहरेनडॉर्फ, तनवीर सांघा।

सिनेमा

## प्लंजिंग नेकलाइन में दिखा आलिया का बोल्ड अवतार, शॉर्ट हेयर्स ने लगाया लुक में चार-चांद

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट हमेशा ही खबरों में छाई रहती हैं। प्रोफेशनल लाइफ के साथ आलिया पर्सनल लाइफ को लेकर भी अक्सर सुर्खियों का हिस्सा बनी रहती हैं। एक्टिंग के साथ आलिया अपने लुक और ड्रेसिंग सेंस की वजह से भी फैंस के बीच काफी पसंद की जाती हैं। ऐसे में एक बार फिर से उन्होंने अपने न्यू लुक से सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया। आलिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें वह बेहद हॉट एंड बोल्ड नजर आ रही हैं। उनका ये ग्लैमरस लुक उनके चाहने वालों को दीवाना बना रहा है।



आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर देर रात अपनी कई सारी खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस बस देखते ही बन रही है। दरअसल, आलिया बीती शाम जीक्यू मेन अवार्ड्स ऑफ द ईयर 2023 का हिस्सा बनी थीं। इस दौरान आलिया ने अपने लुक से हर किसी का ध्यान खींचा। आलिया ने इवेंट में मरून कलर की डीप नेक शॉर्ट ड्रेस पहनी थी। उनकी ये डीप नेक ड्रेस उन्हें काफी हॉट बना रही थी। इसके साथ ही आलिया ने हेयर्स को बीच से पार्टिशन देकर स्ट्रेट करके स्टाइल किया था। अपने लुक को और भी सिजलिंग बनाने के लिए आलिया ने डार्क आई मेकअप और लाइट लिप शेड कैरी किया था। आलिया भट्ट का ये सिजलिंग अवतार पूरे इवेंट में चार-चांद लगाता नजर आया।

## संपादकीय

# युद्ध नहीं संवाद है समस्या के समाधान का रास्ता


भारत पहले भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का हमेशा समर्थन करता रहा है। इसलिए ब्रिक्स की बैठक में भी भारत का यही स्पष्ट रुख है कि आतंकवाद से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। मगर इस क्रम में फिलिस्तीनी नागरिकों के सामने जिस स्तर का संकट खड़ा हो गया है, उसकी चिंता भी वाजिब है। इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध में प्राथमिक जरूरत इस बात की है कि किसी भी आधार पर सबसे पहले हमले रोके जाएं, क्योंकि इससे अब वहां मानवता के सामने संकट गहराने की स्थिति खड़ी हो चुकी है। निश्चित तौर पर आतंकवाद को करारा जवाब दिया जाना चाहिए, लेकिन अगर इस क्रम में व्यापक पैमाने पर आम लोग मारे जाने लगें और आतंकवादियों को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ रहा हो तो ऐसे हमले हमेशा ही सवालों के कठघरे में होंगे। इसलिए ब्रिक्स की बैठक में भारत की यह मांग काफी अहम है कि आतंकवाद से कोई समझौता नहीं होना चाहिए, लेकिन फिलिस्तीन की चिंता का स्थायी समाधान हो। यह छिपा नहीं है कि हमास के हमले के बाद इजराइल की प्रतिक्रिया से शुरू हुए युद्ध ने जो शक्ल अख्तियार कर ली है, उसका शिकार केवल आम लोग हो रहे हैं, भारी तादाद में बच्चे तक मारे जा रहे हैं। दूसरी ओर, युद्ध में बंधक बनाए गए लोगों का मुद्दा एक अलग मानवीय सवाल खड़ा कर रहा है कि दो सशस्त्र पक्षों के टकराव में साधारण लोगों को अपना कवच क्यों बनाया जा रहा है। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से हमास और इजराइल के बीच युद्ध के दौरान बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई की मांग जोर पकड़ रही है और इसके साथ ही दुनिया भर में इस इलाके में युद्ध रोकने की आवाजें गूंजने लगी हैं। शायद यही वजह है कि बुधवार को इजराइल की कैबिनेट ने एक अस्थायी युद्ध विराम को मंजूरी दे दी है। हालांकि इसकी मुख्य वजह उन पचास बंधकों की रिहाई है, जिनकी सुरक्षित वापसी के लिए इजराइल ने हमास के साथ एक समझौता किया है। इसके तहत चार दिनों के युद्ध विराम के दौरान बंधक रिहा किए जाएंगे। साथ ही अतिरिक्त दस बंधकों की रिहाई पर युद्ध विराम को एक और दिन के लिए बढ़ाया जाएगा। यों यह विचित्र है कि एक ओर बंधकों को आजाद कराने के लिए युद्ध को अस्थायी तौर पर रोका जाएगा, मगर दूसरी ओर गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर जारी इजराइली गोलाबारी, मिसाइल हमलों में अगर आम लोगों की जान जा रही है तो उसे रोकना किसी की प्राथमिकता में नहीं है।

**अर्ज किया है..!**

*पता अब तक*
*नहीं बदला हमारा*
*वही घर है*
*वही क़िस्सा हमारा*

-अहमद मुश्ताक़

॥ॐ॥
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**मकान दीवारों से बनता है.... और घर दिल से बनता है....**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

# देवउठनी एकादशी पर सर्वार्थ सिद्धि योग, जानें पूजा विधि, मुहूर्त और व्रत नियम



23 नवंबर के दिन देवउठनी एकादशी व्रत रखा जाएगा। हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर देवउठनी एकादशी का व्रत रखा जाता है। देवउठनी एकादशी का व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है। ऐसी मान्यता है कि देवउठनी एकादशी पर 4 महीने से निद्रा में लुप्त विष्णु भगवान जागते हैं और संसार के पालनहार का दायित्व संभालते हैं। वहीं, इस साल सर्वार्थ सिद्धि योग में देवउठनी एकादशी मनाई जाएगी। इसलिए आइए जानते हैं देवउठनी एकादशी पूजन शुभ मुहूर्त, विधि और व्रत पारण समय और नियम-

## ◆ तुलसी विवाह पूजा की सही व संपूर्ण विधि

### सर्वार्थ सिद्धि योग में देवउठनी एकादशी?

इस साल देवउठनी एकादशी पर शुभ संयोग बन रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग जैसे शुभ योगों में देवउठनी एकादशी का व्रत रखा जाएगा और पूजा-पाठ की जाएगी। वहीं, गुरुवार के दिन देवउठनी एकादशी पड़ने से इस दिन का महत्व काफी बढ़ जाता है।

### देवउठनी एकादशी शुभ मुहूर्त

कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि की शुरुआतः 22 नवंबर, रात 11 बजकर 03 मिनट

कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि समाप्तः 23 नवंबर, रात 09 बजकर 00 मिनट

रवि योग- 06:50 ए एम - 05:16 पी एम

सर्वार्थ सिद्धि योग- 05:16 पी एम - 06:51 ए एम, नवंबर 24

पूजा शुभ मुहूर्त- सुबह 5:03 से 9 बजे तक, नवंबर 23

व्रत पारण समय- 24 नवंबर, 06:53 ए एम से 08:50 ए एम तक

देवउठनी एकादशी पर करें 4 उपाय, विष्णु जी की कृपा से भर जाएगी तिजोरी

### देवउठनी एकादशी पूजा-विधि

1. स्नान आदि कर मंदिर की साफ सफाई करें
2. भगवान श्री हरि विष्णु का जलाभिषेक करें
3. प्रभु का पंचामृत सहित गंगाजल से अभिषेक करें
3. विष्णु भगवान को पीला चंदन और पीले पुष्प अर्पित करें
4. मंदिर में घी का दीपक प्रज्वलित करें
5. संभव हो तो व्रत रखें और व्रत संकल्प करें
6. देवउठनी एकादशी की व्रत कथा का पाठ करें
7. ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करें
8. पूरी श्रद्धा के साथ भगवान श्री हरि विष्णु और लक्ष्मी जी की आरती करें
9. प्रभु को तुलसी दल सहित भोग लगाएं
10. अंत में क्षमा प्रार्थना करें

### देवउठनी एकादशी नियम


देवउठनी एकादशी के दिन चावल का सेवन बिल्कुल नहीं करना चाहिए। ऐसा माना जाता है इस दिन जो व्यक्ति चावल का सेवन करता है, रेंगने वाले जीव की योनि में उसका जन्म होता है। वहीं, इस दिन तुलसी की पत्तियों को तोड़ने से बचें। देवउठनी एकादशी के दिन चाहे आपने व्रत रखा हो या न रखा हो, इस दिन मास-मदिरा का सेवन बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए।

**डिस्क्लेमर : इस आलेख में दी गई जानकारियों पर हम यह दावा नहीं करते कि ये पूर्णतया सत्य एवं सटीक हैं। विस्तृत और अधिक जानकारी के लिए संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें।**

## Highlights

- **Coimbatore student insulted over eating beef**
- **NCPCR team booked for hate comments on Bengaluru Muslim orphanage**
- **Stray dog bites 29 in Chennai, victims stable, dog killed**
- **Lamborghini, Rolls-Royce of conman Sukesh to be auctioned next week**
- **Police deny POCSO case survivor 'handcuffed' in Ooty**
- **Siddaramaiah, Shivakumar differ on Karnataka caste survey report**

# While OpenAI sorts it's chaos, rival Anthropic's Claude chatbot is evolving



**NEW DEIHI, (Agency).** As OpenAI navigates what's essentially self-created turbulence within the company, rival artificial intelligence (AI) companies aren't sitting around with a box of popcorn and some Diet Coke. The Google-backed Anthropic, one of their main rivals has released Claude 2.1, which is the latest update for its large language model (LLM). It is, whichever way we look at it, a significant step forward for AI models.

Claude 2.1 can now analyse as many as 1,50,000 words in a single prompt, which the company claims is an industry first. Anthropic insists there's as much as a 30 percent reduction in errors and the hallucination rate has been slashed by half. The increased word understanding limit is significant because that roughly translates to as many as 200,000 tokens that Claude 2.1 can handle in a single query. Or as many as 500 pages of learning material.

In comparison, OpenAI's ChatGPT has a 32,000 token upper limit for its premium GPT-4 model. Since underpinnings are the same, this also holds true for a wider spectrum of AI assistant products, including Microsoft's Copilot and Snap's upcoming smart spectacle lenses that integrate GPT for conversational AI. Having said that, the ability to handle more info doesn't necessarily translate into better context and responses, something GPT-4 still sets the standard for in the chatbot ecosystem.

# Honasa Consumer shares surge 20% as Mamaearth Q2 profit nearly doublesa

**NEW DEIHI, (Agency).** Shares of Honasa Consumer jumped 20% on Thursday, a day after the parent of beauty-and-personal care products maker Mamaearth reported a quarterly profit surge.

Honasa's shares hit the upper circuit at 423.75 rupees, as of 10:02 a.m. IST.

Honasa's profit for the quarter ending Sept.30 nearly doubled to 294.4 million rupees ($3.54 million) from a year ago, led by strong volume growth and higher margins.




Core profit margins rose to 8.1% from 6.4% a year ago, while sales volumes jumped 21%.

"Honasa Consumer has been a notable outlier among digital-first beauty and personal care brands in India, expect sector-leading revenue growth with improving profitability," Jefferies analysts said in a note, retaining their "buy" rating.

About 9 million shares changed hands in early trade compared with average of 6.2 million shares so far this month.

Earlier this month, Honasa's $204.3 million IPO was oversubscribed 7.6 times and the stock has jumped over 24% since listing on Nov. 7.

# हत्या कर चैंबर में फेंका था शव, पीएम में हुआ खुलासा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। परदेशीपुरा इलाके में आठ दिन पहले एक बॉडी चेंबर में फंसी हुई मिली। पुलिस ने उक्त मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या करने ओर साक्ष्य छिपाने को लेकर केस दर्ज किया है। पुलिस अफसरों के मुताबिक अभी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पूरा मामला जांच में बताया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक 16 नवंबर को क्लर्क कॉलोनी में नगर निगम के दरोगा ने जानकारी देते हुए बताया था कि इलाके में रहने वाले शक्ति नाम के शिकायतकर्ता के नजदीक का चेंबर खोला गया तो उसमें एक शव फंसा दिखा। जिसके बाद कंट्रोल रूम को मामले की सूचना दी गई। इधर पुलिस को मौके पर बुलवाकर शव को एमवाय भेजा गया।

इधर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। आठ दिन में उसकी शिनाख्त के प्रयास किये गए। डॉक्टरी रिपोर्ट में पता चला कि सिर पर वार करने के साथ गले पर भी निशान मिले है। इसके बाद पुलिस ने हत्या कर साक्ष्य छिपाने के मामले में केस दर्ज किया है।

परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक 16 नवबंर को बॉडी मिलने के दौरान जांच में सामने आया कि करीब आठ से दस दिन पहले हत्या कर यहां फेंका गया है। पुलिस के मुताबिक बॉडी पूरी तरह से सड़ चुकी है। अफसरों के मुताबिक आसपास के थानो से गुमशुदा लोगो को लेकर जानकारी निकाली गई है। हत्याकांड को लेकर कुछ संदिग्धो से भी पूछताछ की जा रही है।

# अज्ञात युवक की लाश मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र की संजय जलाशय चौकी क्षेत्र के अंतर्गत स्थित खाती भोडिया गांव के पास देर शाम एक अज्ञात युवक की लाश मिली। चौकी प्रभारी अनिल सिंह राजावत ने बताया कि बीती रात करीब सात बजे पुलिस को जानकारी मिली की खाती भोडिया गांव के बाहर झाडियों में एक युवक की लाश पड़ी है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी, चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अनिल सिंह राजावत, केके परिहार मौके पर पहुंचे। जहां अज्ञात युवक उम्र तकरीबन तीस वर्ष अर्ध नग्न अवस्था में मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। युवक ने शरीर पर केवल अंत वस्त्र पहने हुए थे। शरीर पर चोट के कोई निशान नजर नहीं आए, बारीकी से छानबीन के दौरान युवक की लाश के पास शराब की खाली बोतल मिली। राजावत ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला ज्यादा शराब के सेवन से मृत होना प्रतीत होता है। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। पुलिस ने लाश को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पीथमपुर भिजवाया है। वहीं अज्ञात युवक की शिनाख्त के लिए पास के ग्रामीणों और थानों से भी पूछताछ की जा रही है।

# कॉलेज छात्र और किशोरी सहित दो ने दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पलासिया इलाके में रहने वाले कॉलेज के एक छात्र ने अपने घर पर फांसी लगाकर जान दे दी। छात्र अपने निर्माणाधीन घर पर पानी से तरी करने के बाद अपने कमरे में गया और फंदे पर झूल गया। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।**

पुलिस के मुताबिक घटना थाना क्षेत्र स्थित चिटनिस का पुरवा की है। शशिकांत पिता गोपाल सिलावट ने अपने घर में फांसी लगा ली। चाचा ने पुलिस को बताया कि उनका सामने ही घर बन रहा है। शशिकांत यहां मकान की तरी करने पहुंचा। इसके कुछ देर बाद कमरे में चले गया। जब मां कुछ देर बाद उसे देखने पहुंची तो वह फंदे पर लटका मिला। शंशिकात निजी कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। परिवार में उसकी एक छोटी बहन भी है। पिता पैसेंजर ऑटो रिक्शा चलाते हैं। पुलिस के मुताबिक अभी सुसाइड को लेकर वजह सामने नहीं आई है।

उधर, बिजलपुर में रहने वाली 17 साल की अलका की जहर खाने से मौत हो गई। बुधवार शाम को पिता जगदीश घर आए। देर शाम अलका की तबीयत बिगड़ी तो उसने पूछने पर जहर खाने की बात कही। इसके बाद उसे नजदीक के अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने एमवाय अस्पताल भेज दिया। रात में अलका की यहां मौत हो गई। परिवार के मुताबिक अलका की चार बड़ी बहनें और दो भाई हैं। पिता और मां मजदूरी करते हैं। आत्महत्या को लेकर वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

## नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

आजाद नगर में रहने वाली तनु (23) पति ब्रजेश यादव निवासी मूसाखेड़ी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रिश्तेदार महिला ने बताया कि कुछ समय पहले ही तनु की शादी हुई थी। पति इंदौर के निजी कॉलेज में जॉब करता है। तनु का सांस लेने के दिक्कत होती थी। बुधवार रात करीब 12 बजे उसकी तबीयत बिगड़ी ओर उसे अस्पताल ले जाया गया। यहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक परिवार गांव में है। गुरूवार को उनके समक्ष बयान लेकर डॉक्टरों से पोस्टमार्टम कराया जाएगा।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।